उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान,
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

पत्रांकः 16097 / यू.पी.–रेरा / प्रशा. / 2024–25 दिनांकः 28 नवम्बर, 2024

–:विज्ञापन नोटः–

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण मुख्यालय लखनऊ में प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट डिवीज़न में परामर्शदाता की सेवाएं प्राप्त करने हेतु विज्ञापन संख्याः 12317 / उ.प्र. रेरा / परामर्शदाता भर्ती / 2024–25 दिनांकः 21–08–2024 को निर्गत किया गया था जिसकी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांकः 15–09–2024 थी, को विस्तारित करते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांकः 26–09–2024 तक की गयी थी।

निर्गत विज्ञापन में प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट डिवीज़न में परामर्शदाता की पोजीशन हेतु ***"केन्द्र अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग / सार्वजनिक उपक्रम / निगम में प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट तथा फाईनेन्सिंग में कम–से–कम 10 वर्ष का पर्यवेक्षणीय अनुभव की अनिवार्यता थी"***।

उक्त विज्ञापन के क्रम में प्राप्त कुल 04 आवेदन के क्रम में दिनांकः 19–11–2024 को साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था जिसमें मात्र 02 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के परिशीलन में पाया गया कि निर्धारित अर्हताएं एवं सेवा सम्बन्धी शर्तों के क्रम में 10 वर्ष का पर्यवेक्षणीय अनुभव दोनों अभ्यर्थियों के पास नहीं था।

उक्त के क्रम में अपात्र अभ्यर्थियों के आधार पर प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट डिवीज़न में परामर्शदाता की सेवाएं प्राप्त करने हेतु विज्ञापन संख्याः 12317 / उ.प्र. रेरा / परामर्शदाता भर्ती / 2024–25 दिनांकः 21–08–2024 को निरस्त किया जाता है।

सचिव, रेरा।